# कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय
# सतपुड़ा भवन भोपाल-462004

क्रमांक ३५ /HED/0126/2025-ACAD-DHE  भोपाल दिनांक २७/05/2025

प्रति

कुलसचिव
समस्त विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश

विषयः चतुर्थ वर्ष की छात्राओं का परीक्षा फार्म ओपन करने पर विषय प्रदर्शित नहीं होने विषयक।

विषयांतर्गत लेख है कि कतिपय महाविद्यालयों के प्राचार्यो व्दारा यह अवगत कराया गया है कि महाविद्यालय में चतुर्थ वर्ष की छात्राओं का परीक्षा फार्म ओपन करने पर विषय प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं। जिस कारण छात्राएं परीक्षा आवेदन करने में असमर्थ हैं।

उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये निर्देशित किया जाता है कि :-

1. ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने पंजीयन किया है और आगामी प्रक्रिया पूरी नहीं की है उन्हें प्राचार्य द्वारा उपस्थिति पत्रक, सीसीई, डेजरटेसन आदि उपलब्ध कराये जाने पर परीक्षा में बैठने की अनुमति विश्विद्यालय द्वारा नियमानुसार प्रदान की जावे।
2. ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने पंजीयन किया है और आगामी प्रक्रिया पूरी नहीं की है तथा महाविद्यालय में उपस्थित नहीं हुए हैं उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान न किया जाये
3. चतुर्थ वर्ष हेतु प्राइवेट परीक्षा आयोजित की जाये ताकि विद्यार्थियों का साल ख़राब न हों।

(आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

(रामकुमार गोस्वामी)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश